
41 वीं वार्षिक रिपोर्ट 2010-2011 41ST ANNUAL REPORT 2010-2011

भारतीय कपास निगम लिमिटेड

THE COTTON CORPORATION OF INDIA LIMITED




निदेशक मंडल
(दिनांक 30.08.2011 को)
BOARD OF DIRECTORS
(As on 30.08.2011)



श्री बी.के.मिश्र, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
Shri B. K. Mishra, Chairman cum Managing Director



श्री वी. श्रीनिवास, निदेशक
Shri V. Srinivas, Director



श्री के. रामचंद्रन पिल्लाई, निदेशक
Shri K. Ramchandran Pillai, Director



श्री सी. एस. तेवतिया, निदेशक (विपणन)
Shri C. S. Teotia, Director (Marketing)



श्री आर. के. केडिया, निदेशक (वित्त)
Shri R. K. Kedia, Director (Finance)

भारतीय कपास निगम लिमिटेड
41वीं वार्षिक रिपोर्ट 2010-2011

THE COTTON CORPORATION OF INDIA LTD.
41TH ANNUAL REPORT 2010-2011

निदेशक मंडल
(दिनांक 30-08-2011)

श्री बी.के.मिश्र	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
श्री वी. श्रीनिवास	निदेशक
श्री के. रामचंद्रन पिल्लाई	
श्री सी. एस. तेवतिया	
श्री आर. के. केडिया	
श्री मनोज बजाज	कंपनी सचिव एवं. महा प्रबंधक (वित्त)

BOARD OF DIRECTORS
(As on 30-08-2011)

Shri B. K. Mishra	Chairman cum Managing Director
Shri V. Srinivas	Directors
Shri K. Ramchandran Pillai	
Shri C. S. Teotia	
Shri R.K. Kedia	
Shri Manoj Bajaj	Company Secretary cum General Manager (Fin)

लेखा परीक्षक

मेसर्स चौक्सी एंड चौक्सी
सनदी लेखापाल, मुंबई

मेसर्स प्रेम गुप्ता एण्ड कंपनी
सनदी लेखापाल, नई दिल्ली

AUDITORS

M/s. CHOKSHI & CHOKSHI
Chartered Accountants, Mumbai

M/s. Prem Gupta & Co.
Chartered Accountants, New Delhi

पंजीकृत कार्यालय

"कपास भवन"
प्लॉट नं. 3ए, सेक्टर - 10, सी.बी.डी. बेलापुर,
नवी मुंबई - 400 614
वेब साईट : www.cotcorp.gov.in
www.ministryoftextiles.gov.in

REGISTERED OFFICE

"Kapas Bhavan"
Plot No. 3A, Sector 10, C.B.D. Belapur
Navi Mumbai - 400 614
Website: www.cotcorp.gov.in
www.ministryoftextiles.gov.in

अनुक्रमणिका

सूचना	02
अध्यक्ष का अभिभाषण	03
निदेशकों की रिपोर्ट	15
लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	45
महा लेखा परीक्षक की टिप्पणी	53
तुलन-पत्र	54
लाभ और हानि लेखा	56
बैंचमार्किंग उत्कृष्टता	100
बैंको की सूची	122

CONTENT

Notice	02
Chairman Speech	03
Directors' Report	15
Auditor's Report	45
Comments of the CAG	53
Balance Sheet	54
Profit & Loss Account	56
Benchmarking Excellence	100
List of Banks	122

सूचना

NOTICE

एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि भारतीय कपास निगम लिमिटेड की 41 वीं वार्षिक सामान्य बैठक गुरूवार, **30 अगस्त, 2011 को 2.00 बजे** कपास भवन, प्लॉट नं 3ए, सेक्टर 10, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई-400 614 में निम्नलिखित काम-काज करने के लिए आयोजित की जायेगी :

(1) दिनांक 31 मार्च, 2011 को समाप्त वर्ष के लिए निदेशकों की रिपोर्ट तथा लेखा परीक्षित तुलन-पत्र और लाभ-हानि लेखा प्राप्त और स्वीकार करना ।

निदेशक मंडल के आदेश से
कृते भारतीय कपास निगम लिमिटेड

हस्ता/-
(मनोज बजाज)
कंपनी सचिव एवं महा प्रबंधक (वित्त)

स्थान : नवी मुंबई
दिनांक : 8 अगस्त 2011

नोट्स:
बैठक में उपस्थित रहने तथा मतदान के अधिकारी सदस्य अपने प्रतिनिधि के रूप में किसी अन्य व्यक्ति को उपस्थित रहने और अपने स्थान पर मतदान करने का अधिकार प्रदान कर सकते हैं तथा ऐसे प्रतिनिधि का सदस्य होना आवश्यक नहीं हैं।

NOTICE is hereby given that the 41st Annual General Meeting of the Cotton Corporation of India Limited will be held on **Tuesday the 30th August, 2011 at 2.00p.m.** at Kapas Bhavan, Plot No. 3A, Sector 10, CBD-Belapur, Navi Mumbai 400 614 to transact the following business:

(1) To receive, consider and adopt the Audited Balance Sheet as at 31st March 2011, the Profit and Loss Account for the year ended on that date and the Reports of the Board of Directors and the Auditors thereon.

By order of the Board of Directors,
For THE COTTON CORPORATION OF INDIA LTD.

Sd/-
[MANOJ BAJAJ]
Co. Secretary cum Gen. Manager (Fin)

Place: Navi Mumbai
Date : 8th August 2011

NOTES:
Member entitled to attend and vote is entitled to appoint another person as his proxy to attend and vote instead of himself and proxy need not be a member.

भारतीय कपास निगम लिमिटेड
THE COTTON CORPORATION OF INDIA LTD.

निगम की 41वीं वार्षिक सामान्य बैठक के अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का अभिभाषण

सज्जनो,

भारतीय कपास निगम लिमिटेड की इस 41वीं वार्षिक सामान्य बैठक के अवसर पर मैं, अपनी ओर से और निगम के निदेशक मंडल की ओर से आप सबका सहर्ष स्वागत करता हूँ । इस बैठक की सूचना की नोटिस, निदेशक रिपोर्ट और 31 मार्च, 2011 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक लेखा परीक्षित लेखे पहले ही परिचालित किये जा चुके हैं । आपकी अनुमति से, मैं उसे पठित मानता हूँ ।

कपास मौसम 2010-2011 देशी तथा अंतर्राष्ट्रीय बाजार दोनों में अद्वितीय उतार-चढ़ाव के साथ चुनौतियों और अवसरों का ऐतिहासिक रूप से एक अभूतपूर्व वर्ष रहा है । किन्तु आपका निगम विवेकशील नीतियों और निष्ठावान एवं अनुभवी कर्मचारियों के कारण चुनौतियों का सामना करने और संगठन के लिए उल्लेखनीय स्थान बनाने तथा इसे और दृढ़ बनाने में सफल रहा है ।

कपास परिदृश्य

विश्वीय

- पिछले कपास मौसम में, अन्य स्पर्धात्मक फसलों की तुलना में कपास मूल्यों में उल्लेखनीय वृद्धि ने, वर्ष 2010-11 में विश्व कपास को 13% की वृद्धि के साथ 33.66 मिलियन हेक्टर्स तक पहुँचा दिया, जबकि पिछले वर्ष 29.98 मिलियन हेक्टर्स था ।
- कपास उत्पादन करने वाले अधिकांश देशों ने कपास की बुआई में विस्तार के साथ, कपास मौसम 2010-11 में विश्व कपास उत्पादन 13% की वृद्धि के साथ 24.77 मिलियन टन्स तक पहुँच गया, जबकि पिछले वर्ष यह 22.01 मिलियन टन्स था । यू.एस.ए. तथा भारत द्वारा उत्पादन में वृद्धि की गई है, जबकि चीन तथा पाकिस्तान में गिरावट आयी है ।
- सीमित उपलब्ध आपूर्ति तथा उच्च मूल्य के कारण, वर्ष 10-11 में विश्व मिल उपभोग 25.11 मिलियन टन्स तक स्थिर

SPEECH OF CHAIRMAN-CUM-MANAGING DIRECTOR AT THE 41ST ANNUAL GENERAL MEETING OF THE CORPORATION

Gentlemen,

It gives me a great pleasure to welcome you all on behalf of the Board of Directors of the Corporation as also on my own behalf to this 41st Annual General Meeting of the Cotton Corporation of India Ltd. The Notice convening the meeting, the Director's Report and the Annual Audited Accounts for the year ended 31st March 2011 have already been circulated and with your permission, I shall take them as read.

The cotton season 2010-11 had been historically a unique year with unprecedented volatility in the prices of cotton both domestically and internationally thereby posing challenges and opportunities. Your Corporation, with its prudent policies, dedicated and experienced cadre of employees had been able to meet these challenges creating value for the organization and gaining further strength.

Cotton Scenario

Global:

- Driven by a significant rise in cotton prices as compared to other competing crops in previous cotton season, the world cotton acreage in 2010-11 has increased significantly by 13% to 33.66 million hectares as against 29.98 million hectares in the previous year.
- With expansion in plantings in most producing countries under cotton, world cotton production in cotton season 2010-11 has increased by 13% to 24.77 million tons as against 22.01 million MT in previous year. The increase in production was driven by USA and India, whereas the same has decreased in China and Pakistan.
- Due to limited available supplies and high prices, the world mill use in 2010-11 remained stable at

रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 25.04 मिलियन टन्स था । तथापि, भारत में कपास मिलों का उपभोग 9%की वृद्धि के साथ 4.5 मिलियन टन्स हो गया, जबकि पिछले वर्ष यह 4.32 मिलियन टन्स था ।

- वर्ष 2010-11 में विश्व कपास व्यापार 7.75 मिलियन टन्स पर स्थिर रहा । तथापि चीन द्वारा कपास का आयात 14% की वृद्धि के साथ 2.70 मिलियन टन्स हो गया, जबकि पिछले वर्ष यह 2.37 मिलियन टन्स था, अतः कुल विश्वीय आयात में कपास आयात का इसका भाग लगभग 35% था, जबकि पिछले वर्ष 30%था ।
- वर्ष 2010-11 में विश्वीय स्टॉक लगभग 2% की वृद्धि के साथ 8.73 मिलियन टन्स तक पहुँच गया, जबकि पिछले वर्ष 8.54 मिलियन टन्स था ।

देशी

कपास का क्षेत्र, उत्पादन और उत्पादकता

- पिछले वर्षों में कपास के लिए अच्छे मूल्य प्राप्त होने के कारण तथा बुआई के समय कृषि जलवायु अनुकूल रहने के कारण, कपास मौसम 2010-11 में कपास उत्पादकों ने प्रतिस्पर्धात्मक फसलों की तुलना में कपास के क्षेत्र में वृद्धि की । वर्ष 2010-11 में कपास के अधीन क्षेत्र 8% वृद्धि के साथ 111.61 लाख हेक्टर्स के रिकार्ड स्तर पर पहुँच गया, जबकि पिछले वर्ष 103.10 लाख हेक्टर्स था ।
- देश में बीटी उपज के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में प्रति वर्ष वृद्धि हो रही है । कपास मौसम 2010-11 में कुल 111.42 लाख हेक्टर्स क्षेत्र की तुलना में 98.54 लाख हेक्टर्स क्षेत्र बीटी कपास के अधीन रहा है यानि यह समग्र क्षेत्रफल का लगभग 88% रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 78%था ।
- कपास मौसम 2010-11 के दौरान, कृषि जलवायु अनुकूल रहने के कारण बीटी कपास के खेती में वृद्धि हुई, जो निरंतर सातवें वर्ष में उच्चतम रही, जो लगभग 5.30 मिलियन मैट्रिक टन्स (170 प्रति किग्रा. के 31.20 मिलियन गाँठें) के समकक्ष रही थी, जबकि वर्ष 2009-10 के दौरान यह 5.20 मिलियन मैट्रिक टन्स (29.50 मिलियन गाँठे) थी ।
- भारत सरकार द्वारा कपास प्रौद्योगिकी मिशन के अंतर्गत उठाये गये विभिन्न उपायों के कारण गुणवत्तावाले प्रमाणित बीजों की और ट्रुथफुल लेबल बीजों की बेहतर उपलब्धता के कारण बीटी बीजों की उपयुक्तता बढ़ गयी है और उन्नत प्रौद्योगिकी द्वारा संशोधित कृषि उपायों को अपनाने के

25.11 million MT as against 25.04 million MT of previous year. However, cotton mill use in India has increased by 9% to 4.5 million tons as against 4.32 million tons previous year.

- World cotton trade in 2010-11 was stable at 7.75 million tons. However, the cotton imports by China have increased by 14% to 2.70 million tons as against 2.37 million tons last year, thereby increasing its share of cotton imports in the total global imports to around 35% as against 30% in the previous year
- Global stocks in 2010-11 have increased by around 2% to 8.73 million tons as against 8.54 million tons in previous year.

Domestic

Acreage, production and productivity of cotton:

- Encouraged with receipt of good prices in the previous and with favourable agro-climatic conditions at the time of sowing, the cotton farmers increased the acreage under cotton in cotton season 2010-11 by switching over from other competing crops. The cotton acreage in cotton season 2010-11 has increased by 8% to reach a record level of 111.61 lakh hectares as against 103.10 lakh hectares in the previous year.
- Acreage under Bt cotton in the country continued to increase year after year. In cotton season 2010-11, out of total 111.42 lakh hectares area, 98.54 lakh hectares area was covered under Bt cultivation, constituting around 88% of the total acreage as compared to 78% in the previous year.
- During cotton season 2010-11, with favourable agro-climatic conditions, increased acreage and advent of Bt cultivation, the country once again harvested higher cotton crop for the seventh consecutive year at 5.30 million metric tons (equivalent to 31.20 million bales of 170 kgs each) as against 5.02 million metric tons (29.50 million bales) during 2009-10.
- With various measures by Government of India under Technology Mission on Cotton, better availability of quality certified seeds and truthful

कारण किसानों की मनःस्थिति मे बदलाव आया है, जिस-के कारण देश में कपास का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है । कपास मौसम 2010-11 में कपास उपज 496 किग्रा. प्रति हेक्टर रही, जबकि पिछले वर्ष यह 486 किग्रा. थी ।

मांग और आपूर्ति स्थिति

- समीक्षाधीन वर्ष यानि अप्रैल से सितंबर, 2010 में देशी तथा अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तर पर यार्न के लिए मांग अच्छी रही है । यू.एस.डॉलर की तुलना में रूपये का मूल्य घटने के कारण उस अवधि में यार्न के निर्यात में मदद मिली । वैश्विक आर्थिक स्थिति की प्रगति की प्रत्याशित सुधार में यार्न, फेब्रिक एवं परिधान मांग में देशी तथा वैश्विक मार्केट में प्रगति होती गयी । इसके फलस्वरूप तथा सुधारे हुए परिचालन लाभ मार्जिन के साथ वस्त्रोद्योग की अधिकांश मिलें अपनी कपास की आवश्यकता खरीदने में सक्रिय हो गयी थी । प्रोडक्ट लाईन्स के साथ उत्पादन में सुधार को, मांग में पुनःसुधार के साथ तथा क्षमता बढ़ाने/आधुनिकीकरण उपायों के साथ समर्थन मिला है ।
- फिर भी देशी कॉटन यार्न पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार ने अपनी अधिसूचना सं. 14(आरई-2010)/2009-14 दिनांक 22.12.2010 के अनुसार यार्न के निर्यात को प्रतिबंधित श्रेणी में रखा । उसके बाद अधिसूचना सं.31(आरई-2010)/2009-14 दिनांक 10.03.2011 के अनुसार 720 मिलियन किग्रा. के यार्न के बाद कपास के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया । कपास यार्न को प्रतिबंध के अंतर्गत लाने के कारण डीईपीबी के लाभ और यार्न पर शुल्क वापसी के कारण कपास के मूल्य में गिरावट की प्रवृत्ति आ गयी, जिसके परिणामस्वरूप घटे मूल्य पर यार्न के उठाव में कमी आयी । इसके अलावा देशी तथा अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तर पर कपास मूल्यों में तेज गिरावट ने स्थिति को और गंभीर बना दिया । उपभोग में घटौती और तमिलनाडु में डाईंग प्लांट के बंद होने के कारण देशी तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मांग पूर्णतः प्रतिबंधित हो गयी । इसके कारण मिलों को वित्तीय संकट, कार्यशील पूँजी समाप्त होने, यार्न और कपास स्टॉक के जमा होने की समस्याओं का सामना करना पड़ा तथा मिलों ने कपास से पॉलिस्टर की तरफ अपना व्यापार बढ़ाया, शिफ्ट में कमी की तथा परिचालन को पूर्णतः बंद किया ।

label seeds, increased usage of Bt seeds and the changed mindset of cotton farmers towards improved farm practices etc., the productivity of cotton in the country over the years had been continuously increasing. The yield per hectare in 2010-11 had been 496 kgs/hectare as against 486 kgs/ha in previous year.

Demand & Supply situation

- In the year under review i.e. April to September 2010, the demand for yarn, both domestically and world over had been good. The weakening of Rupee against US$ had also helped in pushing yarn exports during this period. With expected improvement in the global economy, the demand for yarn, fabrics and garments started improving both domestically and in world market. With this, as also with improved operating profit margin, most of the textile mills had become active in purchasing their cotton requirements. Improvement in production across product lines has been supported by revival in the demand as well as significant capacity additions/ modernization initiatives.

  However, with a view to provide adequate domestic availability of cotton yarn, the Government of India vide Notification No.14(RE-2010)/2009-14 dated 22-12-2010 had placed export of cotton yarn under restricted category and subsequently vide Notification No.31(RE-2010)/2009-14 dated 10th March 2011 has put restrictions on export of cotton yarn beyond 720 million kgs. The cap on yarn exports, withdrawal of DEPB benefits and duty draw back on yarn and cotton has resulted into downtrend in cotton yarn prices, which had resulted into poor off-take of yarn, even at reduced prices. Besides this, sharp decline in international and domestic cotton prices further worsened the situation. There has been complete demand restrictions in domestic and international market due to reduction in consumption and closer of dying plants in Tamil Nadu. Due to this, the mills started facing financial tightness, erosion of working capital, piling up of yarn and cotton stocks and switched over to polyester from cotton, reduced number of shifts and complete shutdown of operations.

इसके परिणामस्वरूप कपास मौसम 2010-11 में देशी कपास उपभोग 1% की मार्जिनल वृद्धि के साथ 4.30 मिलियन मैट्रिक टन्स (25.30 मिलियन गाँठें) तक पहुँच गया । जबकि पिछले वर्ष 2009-10 में यह 4.25 मिलियन मैट्रिक टन्स (25.00 मिलियन गाँठें) था।

वर्ष के दौरान मुख्य गतिविधियाँ और नीति निर्माण :

- कपास मौसम 2010-11 के लिए भारत सरकार की अधिसूचना संख्या 58/2009-14 दिनांक 17 अगस्त, 2010 द्वारा दिनांक 1-10-2010 से शुल्क मुक्त कपास निर्यात के लिए अनुमति दी गई, उस प्रावधान के साथ कि संविदा को पोतवहन के पूर्व वस्त्र आयुक्त कार्यालय में पंजीकृत किया जाता है ।
- भारत सरकार ने देशी वस्त्र मिलों की कपास सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए कपास निर्यात योग्य आ-तिरिक्त मात्रा की पहचान करने के लिए मंत्रियों के समूह समिति की प्रणाली बनायी । तद्नुसार मंत्रियों की समिति की दिनांक 28-10-2010, को हुई बैठक में कपास मौसम 2010-11 के लिए 55 लाख निर्यात योग्य अतिरिक्त कपास की पहचान की गई, जिसका निर्यात पंजीकरण वस्त्र आयुक्त कार्यालय, मुंबई में किया गया है ।
- वर्ष 2010-11 के लिए कपास यार्न सलाहकार मंडल (सीवायएबी) द्वारा 720 मिलियन टन्स किग्रा. यार्न की पहचान की गई है, जबकि पिछले वर्ष यह 589 मिलियन टन्स किग्रा. था । देश में कपास यार्न की पर्याप्त उपलब्धता तथा मूल्यों में स्थिरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत सरकार ने निर्णय लिया कि 720 मिलियन टन्स किग्रा. के बाद आगे कोई पंजीकरण नहीं किया जाएगा ।
- निर्यात के लिए शेष मात्रा के पंजीकरण के लिए परिपत्र संख्याः09 (आरई-2010) /2009-14 डीजीएफटी द्वारा आवेदन-पत्र आमंत्रित किए गए ।
- नीति परिपत्र संख्याः२० (आरई-2010)/2009-14 दिनांक 14-2-2011, कपास यार्न के निर्यात पर प्रतिबंध निर्यात के लिए 720 मिलियन किग्रा.की सीलिंग मात्रा से छूट (i) आयातित कच्ची कपास से कपास यार्न का उत्पादन (ii) 100% निर्यातोन्मुख द्वारा कपास यार्न (iii)वर्धित मूल्य विशेष यार्न तथा तकनीकी यार्न, 31 मार्च, 2011 तक ।

As a result, the domestic cotton consumption in cotton season 2010-11 has also increased marginally by 1% only to 4.30 million metric tons (25.30 million bales) as against 4.25 million metric tons (25.00 million bales) in 2009-10.

Major Developments and Policy Initiatives during the year

- Duty free exports of cotton permitted for cotton season 2010-11, vide Government of India Notification No.58/2009-14 dated 17th August 2010 with effect from 1-10-2010 with the provision that the contracts shall be registered with the Textile Commissioner, prior to shipment.
- Government of India had set up a mechanism of Committee of Group of Ministers (GoM) to identify quantity of exportable surplus of raw cotton for ensuing cotton security to the domestic textile mills. Accordingly, in the meeting held on 28-10-2010, the GoM had identified exportable surplus at 55.00 lakh bales for cotton season 2010-11 for which export registration had been done in the office of the Textile Commissioner, Mumbai.
- Yarn exports for 2010-11 has been identified by the Cotton Yarn Advisory Board (CYAB) at 720 mn kgs as against 589 mn kgs in the previous year. With a view to ensure adequate domestic availability of cotton yarn and ensure price stability, the Government of India has decided that there would be no further registration for yarn exports beyond 720 mn kgs.
- Vide circular No.09 (RE-2010)/2009-14 DGFT invited application for registration of balance quantity for exports.
- Policy Circular No,20(RE-2010)/2009-14 dated 14-2-2011, restrictions on export of cotton yarn – Exemption from the quantity ceiling of 720 mn kgs for export of (i) cotton yarn manufactured out of imported raw cotton (ii) cotton yarn by 100% EOUs and (iii) Value Added Special Yarn and Technical Yarn upto 31st March 2011.

- कपास यार्न का निर्यात, जिस पर पहले "प्रतिबंध" था, अब अधिसूचना संख्याः20 (आरई-2010)/2009-14 दिनांक 31.03.2011 द्वारा "मुक्त" कर दिया गया, बशर्ते कि डीजीएफटी के पास निर्यात संविदा का पंजीकरण हो।
- सार्वजनिक सूचना संख्याः 45 (आरई-2010)/ 2009-2014 दिनांक 31-3-2011 द्वारा दिनांक 21.04.2010 से कपास यार्न निर्यात पर डीईपीबी लाभ समाप्त किया गया । अतः दिनांक 21.04.2010 के बाद किए गए निर्यात के लिए (कपास यार्न के लिए मूल कच्ची सामग्री) डीईपीबी लाभ बंद किया गया ।
- कपास मौसम 2010-11 के लिए कपास के निर्यात पर कॅप, जो पहले 55 लाख गाँठें था, अधिसूचना संख्याः 57 (आरई-2010) /2009-14 दिनांक 9.6.2011 द्वारा इसकी सीमा 65 लाख गाँठों तक बढाई गयी ।
- अधिसूचना संख्याः 62 (आरई-2010) /2009-14 दिनांक 2.8.2011 द्वारा कपास मौसम 2010-11 (30 सितंबर, 2011 तक) के लिए कपास निर्यात के प्रतिबंध को हटाया गया ।
- अधिसूचना संख्याः 68 (आरई-2010) /2009-14 दिनांक 4.8.2011 द्वारा भारत सरकार ने दिनांक 1.10.2010 के पश्चात् किए गए निर्यात के संबंध में कच्ची कपास के निर्यात पर डीईपीबी के लाभ को पुनःस्थापित किया गया ।
- अधिसूचना संख्याः 67 (आरई-2010)/2009-2014 दिनांक 18.8.2011 द्वारा वर्तमान कपास वर्ष 2010-11 (30 सितंबर, 2011 तक) के दौरान कपास के निर्यात के लिए एक से अधिक पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्राप्त करने की अनुमति दी गयी ।

मूल्य प्रवृत्तिः

- देशी तथा अंतर्राष्ट्रीय बजार में कपास के लिए अच्छी मांग के कारण, कपास मौसम 2010-11 में कपास के आरंभिक मूल्य वर्ष 2009-10 के आरंभिक मूल्यों की तुलना में लगभग 25% से 71% तक अधिक रहे ।
- देश में कपास के लिए मांग में वृद्धि के अलावा, मौसम के प्रारंभ में, निर्यातक भी 30 नवंबर, 2011 के पूर्व पोतवहन पूरा करने के लिए उनकी कपास की आवश्यकताओं

- Export of cotton yarn, which was earlier "Restricted" has been made "free" vide Notification No.40 (RE-2010)/2009-14 dated 31-3-2011 subject to registration of export contracts with DGFT.
- DEPB benefit on export of cotton yarn was withdrawn with effect from 21.4.2010 vide Public Notice No.45 (RE-2010)/2009-2014 dated 31-3-2011. Therefore, DEPB benefit on cotton (the basic raw material for cotton yarn) has been disallowed for exports made from 21.04.2010 onwards.
- Cap on export of cotton for cotton season 2010-11 has been increased to 65.00 lakh bales from the earlier limit of 55.00 lakh bales vide Notification No.57 (RE-2010)/2009-14 of 9th June 2011.
- Vide Notification No.62 (RE-2010)/2009-14 dated 2nd August has removed the cap on export of cotton for cotton season 2010-11 (upto 30th September 2011).
- Vide Notification No.68 (RE-2010)/2009-14 dated 4th August 2011 the Government of India has restored the benefits of DEPB on export of raw cotton in respect of export made on or after 1-10-2010.
- Vide Notification No.67 (RE-2010)/2009-2014 dated 18th August 2011 has allowed to obtain more than one Registration Certificate for export of cotton during the current cotton year 2010-11 (up to 30th September 2011).

Price Trend

- Due to good demand for cotton domestically and internationally, the opening prices of cotton in cotton season 2010-11 were higher by around 25% to 71% as compared to the opening price of 2009-10.
- Besides increasing demand for cotton domestically, since beginning of the season, the exporters had also been very active in covering their cotton requirements for effecting shipments before 30th

की खरीद के लिए सक्रिय थे । इसके परिणामस्वरूप, कपास मौसम 2010-11 के प्रारंभ में, देशी कपास के मूल्य बहुत ही अस्थिर रहे तथा आज तक के सबसे अधिक ऐतिहासिक स्तर तक पहुँच गए, जो आरंभिक मूल्यों से 63% से 77% अधिक थे ।

- चूँकि अप्रैल, 2011 के प्रथम सप्ताह में, कपास की गुणवत्ता में गिरावट के अलावा, यार्न की दर कम करने पर भी कपास यार्न का कम उठाव हुआ, जिसके परिणामस्वरूप देशी मिलों का स्पिनिंग कार्य प्रभावित होने के कारण कपास मूल्यों पर दबाव पड़ा ।
- इसके परिणामस्वरूप, रूई के मूल्यों में गिरावट शुरू हुई तथा वह एस-6 की लोकप्रिय किस्म में अप्रैल, 2011 के माह में 61500/- रू. प्रति कैंडी के सर्वोच्च मूल्य स्तर से जुलाई, 2011 के अंतिम सप्ताह में लगभग 50 से 51% की गिरावट के साथ 30000/- रू. प्रति कैंडी तक पहुँच गये ।

अंतर्राष्ट्रीय कपास मूल्य :

- मौसम के प्रारंभ से ही अंतर्राष्ट्रीय कपास मूल्यों में वृद्धि रही है । विश्व कपास का बहुत कम स्टॉक, सीमित आपूर्ति, अच्छी मांग तथा यू.एस.डॉलर में अवमूल्यन कपास मूल्य में वृद्धि के कारण बने । बहुत कम अप्रतिबद्ध आपूर्ति ने मूल्यों पर दबाब डाला, जिसने पूरे मौसम में कपास मूल्यों में अत्यधिक वृद्धि की ।
- कॉटलुक ए-इन्डेक्स, अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों के मानदंडों में मार्च, 2011 के प्रथम सप्ताह में 243.65 यू.एस.सेंटस प्रति एलबी के अब तक सर्वोच्च रिकार्ड पर पहुँचा ।
- अप्रैल, 2011 के प्रथम सप्ताह में, कपास के बहुत ही ऊँचे मूल्यों और ऋण प्राप्ति की समस्या को ध्यान में रखते हुए मांग में उल्लेखनीय कमी के कारण, अंतर्राष्ट्रीय कपास मूल्य लगभग 35% की गिरावट के साथ 158.00 यू.एस.सेंटस प्रति एलबी तक पहुँच गए । कपास मौसम 2010-11 के लिए कॉटलुक इन्डेक्स औसतन 165 यू.एस. सेंटस प्रति एलबी पर रहा ।

निगम का कार्य-निष्पादन

न्यूनतम समर्थन मूल्य कार्य

- जब कभी प्रचलित कपास मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य को छूते हैं, आपका निगम भारत सरकार के निदेशों के अनुसार, भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन

November 2011 against their commitment. As a result, since beginning of cotton season 2010-11, the domestic cotton prices had been very much volatile and reached ever-historically high levels, which were higher by 63% to 77% than the opening prices. .

- Since first week of April 2011, besides deterioration in quality of cotton, poor off-take of cotton yarn even at reduced rates, thereby affecting the spinning operations of domestic mills has put pressure on the cotton prices.
- As a result, the cotton lint prices have started declining and the same have dropped by around 50 to 51% to Rs.30000/- per candy in last week of July 2011 from the peak level price of Rs.61500 per candy in the month of April 2011 of popular in S-6 variety.

International Price Trend

- International cotton prices have risen steeply since beginning of the season. Very low world stocks of cotton, limited supply, robust demand and depreciation of US Dollar have caused surge in cotton prices. Very scarce uncommitted supply provided strong pressure on prices due to which there had been extremely high volatility in the cotton prices throughout the season.
- The Cotlook A index, a measure of international prices had reached all time record high level of 243.65 US Cents per lb. in the first week of March 2011.
- Since first week of April 2011, due to significant slowing in demand in view of very high cotton prices, problems of credit access, the international cotton prices have declined by around 35% to a level of 158.00 US C/lb. The Cotlook A Index for cotton season 2010-11 has averaged at 165 US Cents per lb

Performance of the Corporation

MSP Operations

- As and when the prevailing kapas prices touch the MSP level, your Corporation, as per the directives from the Government of India, enters the market to buy entire quantity of kapas offered

मूल्य (एमएसपी) द्वारा उन्हें ऑफर की गई संपूर्ण कपास मात्रा खरीद करने के लिए बाजार में प्रवेश करता है। भारत सरकार ने वही न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कपास मौसम 2010-11 के लिए रखे हैं, जो कपास मौसम 2009-10 के लिए निश्चित किये थे।

फिर भी, कपास मौसम 2010-11 में, सभी कपास उत्पादक राज्यों में सभी किस्मों के प्रचलित मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य स्तर से ऊपर प्रचलित थे। इसके कारण आपके निगम को कपास मौसम 2010-11 में न्यूनतम समर्थन मूल्य कार्य करने का अवसर नहीं मिला।

वाणिज्यिक कार्य

- न्यूनतम समर्थन मूल्य कार्य न होने की स्थिति में, आपके निगम ने वाणिज्यिक कार्य-कलाप सम्पूर्णतः स्वयं की जोखिम पर प्रारम्भ किया ताकि किसानों को उनकी उपज का प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य प्राप्त हो सके तथा उनकी नियमित खरीददार मिलों की यानि संस्थागत और निजी क्षेत्र दोनों की आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ निर्यात की पूर्ति की जा सके।

  कपास मौसम 2010-11 में न्यूनतम समर्थन मूल्य कार्य की असंभावना को देखते हुए, निगम ने वाणिज्यिक कार्य प्रारम्भ किया, ताकि अपने नियमित मिल खरीददारों की आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सके । निगम द्वारा वाणिज्यिक कार्य के अंतर्गत लगभग 68.39 लाख क्विंटल कपास की खरीद की गयी, जो 13.66 लाख गाठों के समकक्ष है ।

देशी बिक्री

- समीक्षाधीन वर्ष के दौरान देश में तथा विश्व स्तर पर भारतीय कपास के लिए अच्छी मांग होने के बावजूद, आपकी निगम ने स्टॉक परिसमाप्त करने के लिए व्यावहारिक नीति का अनुपालन किया, जिससे कपास का स्टॉक परिसमाप्त करने में सहायता मिली है । निगम गत वित्तीय वर्ष में, 74.87 लाख गाठों की तुलना में वित्तीय वर्ष 2010-11 में 12.67 लाख गाठें बेचने में सफल रहा ।

निर्यात बिक्री

- कपास मौसम 2010-11 में, भारत सरकार ने ई.ए.आर.सी. अनुबन्ध के साथ 55.00 लाख गाँठों के निर्यात के लिए अनुमति दी थी और बहुत से निर्यातकों ने भविष्य में खरीद की प्रत्याशा में कपास की निर्यात के लिये ई.ए.आर.सी. के लिए आवेदन किया था । तथापि,

to it by the cotton growers at Minimum Support Prices (MSPs) announced by the Government of India. Government of India had retained the same MSPs for cotton season 2010-11, as were fixed for cotton season 2009-10.

However, in cotton season 2010-11, since the prevailing kapas prices in all the cotton growing states in all the varieties were ruling above the MSP level, there was no occasion for your Corporation to undertake MSP operations in cotton season 2010-11.

Commercial Operations

- In the absence of MSP operations, the Corporation undertakes commercial operations entirely at its own risk to enable the cotton farmers to realize competitive prices for their produce as also to meet the requirement of its regular buyer mills, both under institutional and in private sector as also for exports.

  Looking to the impossibility of MSP operations in cotton season 2010-11, the Corporation had started commercial operations to cater the needs of its regular mill buyers. The Corporation has purchased around 68.39 lakh quintals of kapas equivalent to 13.66 lakh bales under commercial operations.

Domestic Sales

- During the year under review, besides good demand for Indian cotton domestically and world over, your Corporation continued to pursue the pragmatic approach to liquidate the stocks, which has helped in liquidating the cotton stocks. The Corporation has succeeded in selling 12.67 lakh bales in FY 2010-11 as against 74.87 lakh bales in the previous FY.

Export Sales

- In cotton season 2010-11, the Government of India had allowed export of 55.00 lakh bales with stipulation of EARC and most of the exporters had applied for EARC for export of cotton in anticipation of future purchases. However, your

आपका निगम ई.ए.आर.सी. के लिए आवेदन नहीं कर सका, क्योंकि निगम कपास की बिक्री केवल वास्तविक खरीद के सामने एल.सी. भुगतान या अग्रिम नगद भुगतान पर करता है । तथापि, कपास मौसम 2010-11 में, डी.जी.एफ.टी. से यथानुपात आधार पर, उसके बाद कोटा आबंटन करने पर आपका निगम निर्यात में गत वर्ष की 12,295 गाठों की तुलना में 19,174 गाठें निर्यात में बिक्री कर सका है ।

बिक्री टर्न-ओवर

- समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, निगम का टर्न-ओवर गत वर्ष के 8393.25 करोड़ रूपये के टर्न-ओवर की तुलना में 2743.23 करोड़ रूपये रहा। टर्न-ओवर में घटौती मुख्यतः वित्तीय वर्ष 2009-10 से प्रारंभिक स्टॉक में कमी के कारण थी । फिर भी, निगम द्वारा उपभोक्ता मिलों को गुणवत्तावाली कपास की सीधी आपूर्ति और ग्राहकों को बिक्री पूर्व और बिक्री के बाद अच्छी सेवा उपलब्ध करते हुए, व्यावहारिक बिक्री नीति का अनुपालन जारी रखा।

मूल्य वर्धन

- समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, निर्यातोन्मुख ईकाइयों तथा अन्य गुणवत्ता के प्रति जागरूक मिलों से संदूषण-मुक्त कपास की मांग को पूरा करने के लिए आपके निगम ने गत वर्ष में 75% उपलब्धि के सामने कुल खरीद की लगभग 80% गाठें न्यूनतम संदूषण-मुक्त गाँठें संसाधित की । मिलों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही और निगम, आधुनिक जिनिंग एवं प्रेसिंग फैक्टरियों में संसाधित कपास को प्रीमियम के साथ बेचने में सफल रहा।

विकासशील गतिविधियाँ

- कपास किसानों के बीच सधनित कपास खेती यानि संविदा खेती को प्रोत्साहित करने और लोकप्रिय बनाने के लिए तथा कपास किसानों और खरीददार मिलों/ग्राहकों को लाभ पहुँचाने के लिए आपका निगम कपास मौसम 2010-11 में सुविधाकर्ता के रूप में सघनित कपास खेती (संविदा खेती) को प्रोत्साहित करता रहा है। एक नोडल एजेन्सी के रूप में, निगम ने कपास प्रौद्योगिकी मिशन के मिनी मिशन-II के अंतर्गत वर्ष 2009-10 तक फ्रन्ट-लाईन डेमोन्स्ट्रेशन (एफएलडी) का कार्य किया । तथापि वर्ष 2010-11 में भारतीय कपास निगम को निधि का आबंटन न करने के कारण निगम फ्रंटलाईन डेमोन्स्ट्रेशन का कार्य नहीं कर सका है । तथापि, निधि के आबंटन के साथ, निगम कपास मौसम 2011-12 में फ्रंटलाईन डेमोन्स्ट्रेशन का कार्य कर सकेगा ।

Corporation could not apply for EARC since it sell cotton only against physical purchases on LC payment or advance cash payment. However, on allocation of subsequent quota on pro-rata basis from DGFT, in cotton season 2010-11, your Corporation could sell 19174 bales in exports as against 12,295 bales in previous year.

Sales Turnover

- During the year under review, the turnover of the Corporation had been Rs.2743.23 crores as against the turnover of Rs.8393.25 crores in the previous year. The reduction in turnover was due to less opening stock from FY 2009-10. However, the Corporation continued to pursue the policy of pragmatic sales, directly to consuming mills by supplying quality cotton and by providing better pre and post sales services to the customers..

Value Addition

- In order to meet the demand for contamination free cotton from EOUs and other quality conscious mills during the year under review, your Corporation had processed around 80% of the total procurement with least contamination as against the achievements of 75% during last year. The response of the mills was positive and the Corporation was able to sell cotton processed in the modern G&P factories with premium.

Developmental Activities

- With a view to promote and popularize the concept of Integrated Cotton Cultivation i.e. Contract Farming amongst the farming community as also the benefits to cotton farmers and buyer mills/ultimate consumers, your Corporation took up Integrated Cotton Cultivation as a facilitator in cotton season 2010-11. As one of the Nodal agencies, the Corporation had been undertaking FLDs under MM-II of TMC till 2009-10. With non-allotment of funds to CCI, the Corporation could not take up FLD in 2010-11. However, with allotment of fund, the Corporation would be taking up FLDs in cotton season 2011-12.

वित्तीय परिणाम

- गत वित्तीय वर्ष 2009-10 में निगम को 8.17 करोड़ रूपये (कर के बाद) के लाभ के सामने वित्तीय वर्ष 2010-11 में मॉर्जिनल 0.96 करोड़ रूपये (कर के बाद) की शुद्ध हानि हुई है । यह हानि मुख्यतः, वाणिज्यिक कार्य के घटे हुए प्रारम्भिक स्टॉक तथा समीक्षाधीन वर्ष के दौरान घटे हुए टर्न-ओवर के कारण हुई ।

कपास प्रौद्योगिकी मिशन के मिनी मिशन-III और IV का कार्यान्वयन

- निगम कपास प्रौद्योगिकी मिशन (टीएमसी) के मिनी मिशन-III और IV के लिए कार्यान्वयन एजेन्सी रहा है । कपास में संदूषण को न्यूनतम करने के लिए 11वीं योजना तक 250 मार्केट यार्डों के लक्ष्य का विकास के लिए अनुमोदन किया गया था, ताकि कपास उत्पादकों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त हो सके । इन 250 मार्केट यार्डों का कुल परिव्यय 476.10 करोड़ रूपये है, जिसमें कपास प्रौद्योगिकी मिशन की 250.39 करोड़ रूपये की सहायता है । अनुमोदित की गई 250 परियोजनाओं में से 246 परियोजनाएँ 31-3-2010 तक पूरी की गई हैं और भारत सरकार द्वारा 231.42 करोड़ रूपये की सब्सिडी जारी की गई थी । इस प्रकार, 1000 जिनिंग एवं प्रेसिंग ईकाइयों के लक्ष्य के सामने, कपास प्रौद्योगिकी मिशन ने 1011 (परियोजनाओं को निष्पादित न करने के लिए रद्द की गई प्रत्याशा के विरूद्ध) फैक्टरियों को आधुनिकीकरण के लिए हाथ में लिया था। इन फैक्टरियों का आधुनिकीकरण करने के लिए कुल परिव्यय 1424.61 करोड़ रूपये था, जिसमें कपास प्रौद्योगिकी मिशन द्वारा 224.25 करोड़ रूपये की सहायता दी गई थी । दिनांक 31-3-2010 तक पूर्ण की गई 859 परियोजनाएँ हैं और भारत सरकार द्वारा 184.75 करोड़ रूपये की सब्सिडी जारी की गई थी । जिनिंग एवं प्रेसिंग फैक्टरियों के आधुनिकीकरण ने टीएमसी के 2-3½% मानदण्डों के विरूद्ध ट्रैश/संदूषण के वर्तमान स्तर 5 से 8% घटाकर 1-1½% पर पहुँचा दिया है ।
- उपरोक्त के परिणामस्वरूप देशी कताई उद्योग को बेहतर संसाधित और बेहतर संदूषण-मुक्त कपास मिल सकी है । अब भारतीय कपास अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानदंडो के समकक्ष संसाधित है और कई निर्यातक देशों की कपास के समकक्ष विश्व में स्वीकार्य है । कपास प्रौद्योगिकी की मिशन के मिनी मिशन-III और IV की योजना 31 दिसम्बर 2010 को बंद हुई है

Financial Results:

- During the financial year 2010-11, the Corporation has incurred a marginal net loss of Rs.0.96 crores (after tax) as against the profit of Rs.8.17 crores (after tax) in the financial year 2009-10. The loss has been mainly due to low opening stock of commercial operation and lower turn-over during the year under review.

Implementation of Mini Mission III and IV of TMC

- The Corporation had been the implementing agency for Mini Mission III and IV of the Technology Mission on Cotton (TMC). The target of 250 market yards upto XIth plan had been approved for development to minimize contamination in kapas so as to enable the cotton farmers to get better price for their cotton. The total outlay for these 250 market yards was Rs.476.10 crore with TMC assistance of Rs.250.39 crore. Out of these 250 projects approved, 246 projects have been completed upto 31st March 2010 and GOI subsidy of Rs.231.42 crore was released. Similarly, against the target of 1000 G&P Units, TMC has taken up 1011 factories for modernization (against anticipation cancellations of non-performing projects). The total outlay for modernization of these factories was Rs.1424.61 crore with TMC assistance of Rs.224.25 crore. There are 859 projects which have been completed upto 31-3-2010 and GOI subsidy of Rs.184.75 crore was released. The modernization of G&P factories has reduced the trash/contamination from the earlier levels of 5-8% to 1-1½% as against TMC norms of 2-3½%.
- As a result of the above, the domestic spinning industry is able to get better processed and contamination free cotton. Further, the Indian cotton is now processed equivalent to International quality standards and is accepted world over at par with cotton of other exporting countries. The Scheme of TMC MM-III and IV is closed on 31st December 2010.

निगमित सामाजिक दायित्व

- भारत सरकार, भारी उद्योग मंत्रालय और सामाजिक उद्यम (डीपीई) ने विभिन्न केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व का संकल्प आरंभ किया है, जिसके द्वारा उनके शुद्ध लाभ में से कुछ को लाभकारी गतिविधियों तक पहुँचाने और सार्वजनिक एवं व्यापारिक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए अनिवार्य किया गया है, ताकि प्रतिस्पर्धी लाभ लंबे समय तक बना रह सके । तद्नुसार आपके निगम ने सीएसआर के अधीन ग्राम अधिग्रहण कार्यक्रम परियोजना "एक ग्राम एक किस्म" का संकल्प तीन राज्यों में आरंभ करते हुए कार्यान्वित किया है, यानि महाराष्ट्र के दो गाँव (विदर्भ क्षेत्र), उड़ीसा में एक और तमिलनाडु में दो गाँव, जहाँ पहले के वर्षों में कपास की उत्पादकता कम है तथा उन्हें संशोधित और नये उत्पादन और पैकेज प्रैक्टीस प्राप्त नहीं होते हैं । निगम ने वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए सीएसआर परियोजना हेतु 35.00 लाख रूपये निश्चित किए हैं । वित्तीय वर्ष 2010-11 में सीएसआर पर कुल 27.65 लाख रूपये खर्च हुए हुए ।

निगमित शासन

- आपका निगम विश्वास करता है कि कंपनी को सफल बनाने के लिए, अपने सभी स्टेक होल्डर के लिए निगमित आचरण में विश्वीय मानदण्ड बनाए रखने हैं । आपकी कंपनी अच्छे शासन के लिए निष्पक्षता, पारदर्शिता तथा उत्तरदायित्व के पहलुओं पर विश्वास रखती है । कंपनी का अंतिम ध्येय उच्च स्तर का शासन जारी रखना तथा उसी क्षेत्र की अच्छी शासित कंपनियों के साथ बेंचमार्क बनाना है।

भावी परिदृश्य

- भारत विगत वर्षों के दौरान, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कपास क्षेत्र में दूसरे बड़े कपास उत्पादक, उपभोक्ता तथा कपास के शुद्ध निर्यातक के रूप में भी मुख्य संचालक के रूप में उभरा है । वर्ष 2010-11 में अन्य स्पर्धात्मक फसल की तुलना में उनकी उपज के लिए अच्छे तथा आकर्षक मूल्यों की प्राप्ति से, कपास किसानों ने आगामी कपास मौसम 2011-12 में कपास क्षेत्रफल में वृद्धि की है तथा इसके लगभग 120.00 लाख हेक्टर रिकार्ड स्तर तक पहुँचने का अनुमान है । क्षेत्रफल में वृद्धि के अनुमान के साथ-साथ बीटी बीजों के उपयोग के कारण भी वृद्धि

Corporate Social Responsibility

- The Government of India, Ministry of Heavy Industries and Public Enterprises (DPE), has introduced the concept of Corporate Social Responsibility (CSR) in various Central Public Sector Enterprises (CPSE) mandating to expend some portion of the net profit to extend beyond philanthropic activities to reach out the integration of social and business goals to secure sustainable competitive advantage in long term. Accordingly, your Corporation has implemented the project of "Village Adoption Programme" with "One village: One Variety" in three States i.e. two villages of Maharashtra (Vidharbha region), One Village in Orissa and Two villages in Tamil Nadu having lesser productivity in the earlier years and are deprived of improved and innovative cultivation and package practices. Your Corporation had earmarked Rs.35.00 lakhs for CSR projects for the FY 2010-11. The actual expenditure on FY 2010-11 is amounted to Rs.27.65 lakhs.

Corporate Governance

- Your Corporation believes that for a company to be successful, it must maintain global standards of corporate conduct towards all its stakeholders. Your Company believes that the principles of fairness, transparency and accountability are the corner stones for good governance. It is the Company's endeavour to continue to achieve the highest levels of governance and to benchmark itself with the best governed companies in the similar trade.

Future Outlook

- Over the years, India has emerged as a key player in the cotton sector at international level, as the second largest cotton producer, consumer as also a net exporter of cotton. Enthused with receipt of good and attractive prices for their produce in 2010-11 as compared to other competing crops, the cotton farmers have increased the acreage under cotton in the ensuing cotton season 2011-12 and the same is expected to reach a record level of around 120.00 lakh hectares. With expected increase in acreage as also anticipated increase

से आगामी कपास मौसम 2011-12 में देश में कपास उत्पादन 10% के साथ बढ़कर 350.00 लाख गाँठें होने की आशा है ।

- विश्व स्तर पर, कपास किसानों द्वारा अन्य फसलों की तुलना में वर्ष 2010-11 में अच्छे कपास मूल्य प्राप्त होने के कारण वर्ष 2011-12 में विश्व क्षेत्रफल में लगभग 7% की वृद्धि के साथ 36 मिलियन हेक्टर्स होने का अनुमान लगाया गया है, जबकि वर्ष 2010-11 में यह 33.69 मिलियन हेक्टर्स था । उपज में कम वृद्धि के अनुमान के साथ वर्ष 2011-12 में विश्व में कपास उत्पादन 26.86 मिलियन मैट्रिक टन्स के अनुमानित किया गया है, जबकि वर्ष 2010-11 में यह 24.95 मिलियन टन था, जो पिछले वर्ष से 8% अधिक है । तथापि, टेक्सास में बड़ा सूखा पड़ने के कारण, यू.एस.ए. में कपास का उत्पादन कम होने की आशा है ।
- आगामी कपास मौसम 2011-12 में विश्व कपास व्यापार 4% की वृद्धि के साथ 8.03 मिलियन टन्स होने की आशा है, जो चीन द्वारा आयात में वृद्धि के कारण हो सकता है । ब्राजील तथा अर्जेटाइना निर्यात में वृद्धि के लिए बढ़ावा देगा । निर्यात योग्य अधिशेष में घटौती के कारण यू.एस. का निर्यात 10% की गिरावट के साथ 3.0 मिलियन टन्स होने का अनुमान है ।

भावी योजना

- यद्यपि बहुराष्ट्रीय कंपनियों तथा अन्य कारकों के प्रवेश के फलस्वरूप देश की कपास अर्थ-व्यवस्था में प्रतिस्पर्धा बढ़ गयी है, तथापि, निगम विवेकशील व्यापार नीतियों के कारण आगामी वर्षों में इस प्रकार की प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए तैयार है ।

आभार

- मैं इस अवसर पर निदेशक मंडल के सदस्यों द्वारा समय-समय पर दिए गए उपयोगी एवं बहुमूल्य सहयोग के लिए आभार प्रकट करना चाहता हूँ ।
- मैं माननीय वस्त्र मंत्री, भारत सरकार, मान.राज्य वस्त्र मंत्री, भारत सरकार, सचिव (वस्त्र), संयुक्त सचिव (वस्त्र) तथा वस्त्र मंत्रालय के अन्य अधिकारियों, वित्त मंत्रालय के अधिकारियों, कृषि मंत्रालय और वस्त्र आयुक्त एवं उनके अधिकारियों के प्रति भी उनके द्वारा दिए गए सहयोग तथा मार्गदर्शन के लिए भी आभारी हूँ । इसके अभाव में, आपका निगम समीक्षागत वर्ष के दौरान, पहले से निर्धारित

in usage of Bt seeds, the cotton production in the country in the ensuing cotton season 2011-12 is expected to increase by 10% to 350.00 lakh bales.

- At world level, due to high cotton prices received by the cotton farmers in 2010-11 as compared to other competing crops, global area is forecast up by around 7% to 36 million hectares in 2011-12 as against 33.69 million hectares in 2010-11. Assuming small increase yield, global cotton production in 2011-12 is projected at 26.86 million MT as against 24.95 million MT in 2010-11, almost 8% higher than the previous year. However, due to severe drought in Texas, cotton production in USA is projected to be lower.
- World cotton trade in ensuing cotton season 2011-12 is expected to increase by 4% to 8.03 million tons, driven by rise in Chinese imports. The increase in exports will be fueled by Brazil and Argentina. US exports are projected to decrease by 10% to 3.0 million tons due to reduced exportable surplus.

Future Planning

- Although the competition in the cotton economy of the country has increased due to entry of multinational companies and other factors, the Corporation is fully prepared to face such competition in the coming years by adopting prudent business policies.

Acknowledgements

- I take this opportunity to express my deep appreciation for the useful and valuable support given by the members of the Board from time to time.
- I also wish to place on record my sincere gratitude for the guidance and cooperation extended by the Hon'ble Minister of Textiles, Government of India, Hon'ble State Minister of Textiles, Government of India, Secretary (Textiles), Joint Secretary (Textiles) and other officials of Ministry of Textiles, Officials of Ministry of Finance, Ministry of Agriculture, the Textile Commissioner and his officials, but for which to maintain trends that

प्रवृत्तियों और कार्य-निष्पादन को बनाये रखने में सफल नहीं हो सकता था ।

- समीक्षागत वर्ष के लिए निगम के लेखों की परीक्षा करते समय निगम के सांविधिक लेखा परीक्षक, सदस्य, लेखा-परीक्षा बोर्ड, मुंबई द्वारा तथा सरकारी लेखा परीक्षा अधिकारियों द्वारा दिए गए अमूल्य मार्गदर्शन के लिए भी, मैं उनका आभारी हूँ ।
- मैं, राष्ट्रीय वस्त्र निगम, सहकारी स्पिनिंग मिलों तथा निजी क्षेत्र की विभिन्न मिलों के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने वर्ष 2010-11 के दौरान अपनी रूई की आवश्यकता निगम से पूरी की और इस प्रकार गुणवत्ता, मूल्य-प्रतिस्पर्धा और निगम द्वारा दी जानेवाली सेवाओं पर विश्वास बनाये रखा है। भारतीय वस्त्र उद्योग संगठन (सीआयटीअय), कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया, केन्द्रीय भंडार निगम, राज्य भंडार निगम द्वारा निगम को दिए गए सहयोग के प्रति भी, मैं हार्दिक आभारी हूँ ।
- इस अवधि के दौरान निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दिये गये समर्पण, निष्ठा और वचनबद्धतापूर्ण सेवा के लिए भी, मैं हार्दिक आभारी हूँ।

धन्यवाद

(बी. के. मिश्र)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : नवी मुंबई
दिनांक : 30 अगस्त, 2011

were set earlier in the recent past with regard to the working of the Corporation, would not have been possible.

- I am also grateful for the valuable guidance by the Statutory Auditors, Member, Audit Board, Mumbai and officials of Government Audit in the course of their conducting the audit of accounts of the Corporation for the year under review.
- Sincere thanks are also due to the National Textile Corporation, Cooperative Spinning Mills and various mills in the private sector, who have covered their cotton requirements from the Corporation in cotton season 2010-11, thus, placing their faith in the quality, price competitiveness and services being rendered by the Corporation. Our sincere thanks are also due to the Confederation of Indian Textile Industries (CITI), Cotton Association of India (CAI), Central Warehousing Corporation, State Warehousing Corporations for the cooperation extended to the Corporation.
- I would also like to express my sincere and deep appreciation for the dedication, devotion and commitment with which the staff and officers of the Corporation have worked during the period.

Thanking you,

(B.K. MISHRA)
CHAIRMAN-CUM-MANAGING DIRECTOR

Place: Navi Mumbai
Date : 30-08-2011

वर्ष 2010-11 के लिए निदेशक रिपोर्ट
DIRECTORS' REPORT FOR THE YEAR 2010-11

प्रिय शेयरधारक,

आपके निदेशकगण **31 मार्च, 2011** को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक लेखों के साथ आपके निगम के कार्य-संचालन पर **41वीं वार्षिक रिपोर्ट** सहर्ष प्रस्तुत करते हैं, जो मंडल द्वारा अनुमोदित है तथा लेखा परीक्षकों द्वारा उनकी रिपोर्ट के साथ प्रमाणित है ।

1. कपास स्थिति

1.1 कपास मौसम 2010-11 की मुख्य-मुख्य बातें नीचे दिये अनुसार हैं :

(i) कपास मौसम 2010-11 का आरंभ 40.50 लाख गाँठों के अवशेष स्टॉक के साथ हुआ, जो मिल की 2 माह की खपत से भी कम है।

(ii) कपास मौसम 2010-11 के दौरान देश में कपास उत्पादन गत वर्ष की 295.00 लाख गॉठों के विरूद्ध 312.00 लाख गॉठों पर बताया गया है । इस वर्ष की कपास स्थिति के मुख्य लक्षण नीचे दिये अनुसार हैं:-

(क) कपास मौसम 2010-11 की बुआई के समय कृषि-जलवायु स्थितियाँ सभी कपास उत्पादक राज्यों में अनुकूल रही है । सभी कपास उत्पादक राज्यों में उपज की प्रगति संतोषजनक थी और किसी प्रकार के कीट/रोग की रिपोर्ट नहीं थी । तथापि, उसके बाद मौसम के दौरान सितंबर, 2010 के दूसरे सप्ताह में दो बार रूक-रूककर बारिश रही, जिससे उपज की आवकों में 15 से 20 दिन की देरी हो गयी तथा उसके बाद बेमौसम बारिश रही और नवंबर, 2010 माह में मध्य और दक्षिण अंचल में आंधी-तूफान के मौसम ने कपास आवकों की गति को प्रभावित किया है ।

(ख) कपास मौसम 2009-10 में अच्छे मूल्यों की प्राप्ति से प्रोत्साहित होकर कपास किसानों ने कपास मौसम 2010-11 में कपास के अंतर्गत क्षेत्रफल बढ़ाया है । कपास मौसम 2010-11 में कपास क्षेत्र में 8% की वृद्धि हुई है तथा

Dear Shareholders,

Your Directors have immense pleasure in presenting the 41st Annual Report on the working of your Corporation together with Annual Accounts for the year ended 31st March 2011, as approved by the Board of Directors and certified by the Auditors, along with their report thereon.

1. COTTON SITUATION

1.1 The highlights of the cotton season 2010-11 are as under:

(i) The cotton season 2010-11 had commenced with a carry over stock of 40.50 lakh bales, which was even less than two month's mill consumption.

(ii) The cotton production in the country in cotton season 2010-11 has been placed at 312.00 lakh bales as against 295.00 lakh bales in the previous season. The salient features of this year's cotton situation is as under:

(a) The agro-climatic conditions at the time of sowing in the cotton season 2010-11 had been favourable in all the cotton growing States. The crop progress in all cotton growing states was satisfactory and there were no reports of any pest/ disease. However, subsequently there had been intermittent rains twice during the season; first in second week of September 2010 which delayed the crop arrivals by 15 to 20 days and subsequently, there had been unseasonal rains and inclement weather in the month of November 2010 in Central and Southern zone, thereby affecting the pace of arrivals.

(b) Encouraged with receipt of good prices in the previous cotton season 2009-10, the cotton farmers increased the acreage under cotton in cotton season 2010-11 by switching over from other competing crops. The cotton acreage in

यह गत वर्ष के 103.10 लाख हैक्टर के विरूद्ध 111.61 लाख हैक्टर के रिकार्ड स्तर तक पहुँच गया है ।

(ग) उत्तरी अंचल में अन्य प्रतियोगी फसलों से क्षेत्र बदलने के कारण, पंजाब में कपास के अंतर्गत क्षेत्रफल लगभग 4% बढ़कर पिछले वर्ष के 5.11 लाख हैक्टर के विरूद्ध 5.30 लाख हैक्टर तक पहुँच गया है । तथापि बुआई के समय प्रतिकूल मौसम स्थितियाँ, जल की कमी, जो वर्षा के जल और नहर/ट्यूब वैल दोनों में थी तथा अत्यधिक तापमान ने हरियाणा और राजस्थान के कपास के अंतर्गत क्षेत्र को घटाकर क्रमशः 4.95 लाख हैक्टर और 3.34 लाख हैक्टर तक पहुँचा दिया है, जो पिछले वर्ष क्रमशः 5.07 से 4.44 लाख हैक्टर था ।

कपास मौसम 2010-11 के दौरान उत्तरी अंचल में क्षेत्रफल लगभग 7% की गिरावट के साथ पिछले वर्ष के 14.62 लाख हैक्टर के विरूद्ध 13.59 लाख हैक्टर तक पहुँचने के कारण, उत्तरी अंचल में कपास उत्पादनलगभग 3% घटकर पिछले वर्ष की 40.00 लाख गाँठों के विरूद्ध 39.00 लाख गाँठों तक पहुँच गया है ।

(घ) वर्ष 2010-11 में मध्य और दक्षिणी अंचल में बुआई के समय अनुकूल कृषि जलवायु स्थितियों तथा अन्य प्रतियोगी फसलों की तुलना में कपास के अंतर्गत क्षेत्र को बढ़ाने के लिए कपास किसानों के झुकाव के कारण, कपास के अंतर्गत क्षेत्रफल लगभग 8% से 20% की वृद्धि के साथ कमशः 72.57 और 24.40 लाख हैक्टर तक पहुँच गया है, जबकि पिछले वर्ष यह 67.39 लाख हैक्टर और 20.34 लाख हैक्टर था । तथापि दिसंबर, 2010 में बेमौसम बारिश और उसके बाद जनवरी, 2011 माह में अत्यधिक शीत लहर ने गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र, महाराष्ट्र के तीनों क्षेत्र यानि विदर्भ, मराठवाड़ा और खानदेश तथा आंध्र प्रदेश के

cotton season 2010-11 has increased by 8% and reached a record level of 111.61 lakh hectares as against 103.10 lakh hectares in the previous year.

